अनुक्रमांक................................ मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 4

नाम..........................................

**135** **328 (HA)**

# 2025

# गृह विज्ञान

## (केवल बालिकाओं के लिए)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [ पूर्णांक: 100

नोट - प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 4 तक बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 5 से10 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 11 से 15 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना हैं। प्रश्न संख्या 16 से 18 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

---

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1.(i) भोपाल में विषैली गैस के रिसाव की घटना कब हुई थी? 1

(क) 1964 में (ख) 1984 में

(ग) 1997 में (घ) 2001 में

(ii) वर्ष 2005 में दस्त जैसे रोग से लगभग कितने लोगों की मृत्यु हो गई? 1

(क) 15 लाख (ख) 18 लाख

(ग) 19 लाख (घ) 20 लाख

(iii) जल-निष्कासक .........गति पर कार्य करते हैं। 1

(क) अपकेंद्री (ख) नियत

(ग) अभिकेंद्री (घ) इनमें से कोई नहीं

modelpaper.info

(iv) अतिपोषण की समस्या का कारण है- 1

(क) आहार सम्बन्धी आदतों तथा जीवन-शैली में परिवर्तन

(ख) शारीरिक श्रम का घट जाना

(ग) आवश्यकता से अधिक आहार ग्रहण करना

(घ) उपर्युक्त सभी कारण

(v) प्रारम्भिक बाल्यावस्था वाले बच्चों की देखभाल और शिक्षा के व्यवसाय को अपनाने वाले व्यक्ति के लिए आवश्यक है- 1

(क) बच्चों और उनके विकास में रुचि

(ख) छोटे बच्चों की आवश्यकताओं और क्षमताओं के बारे में जानकारी

(ग) बच्चों के प्रश्नों के उत्तर देने की इच्छा और रुचि

(घ) उपर्युक्त सभी योग्यताएँ एवं क्षमताएँ

2.(i) शिरा द्वारा घोल रूप में दिया जाता है- 1

(क) जल तथा इलेक्ट्रोलाइट्स का घोल

(ख) अमीनो एसिड्स का घोल

(ग) सम्पूर्ण रक्त या प्लाज्मा

(घ) ये सभी

(ii) सरल रेखा का प्रकार है- 1

(क) ऊर्ध्वाधर रेखाएँ (ख) क्षैतिज रेखाएँ

(ग) तिरछी अथवा विकर्ण रेखाएँ (घ) ये सभी प्रकार

(iii) फैशन डिजाइनर और व्यापार के क्षेत्र में जीविका के लिए आवश्यक योग्यता है 1

(क) पूर्वानुमान योग्यता (ख) विश्लेषणात्मक योग्यता

(ग) संप्रेषण योग्यता (घ) ये सभी योग्यताएँ

(iv) प्रत्येक मनुष्य किसी-न-किसी रूप में 1

(क) विक्रेता है (ख) उपभोक्ता है।

(ग) आलोचक है। (घ) कृषक है।

modelpaper.info

(v) आतिथ्य प्रदान करने वाले उस प्रतिष्ठान को क्या कहा जाता है, जिसमें किराया लेकर केवल रहने व सोने की सुविधा प्रदान की जाती है? 1

(क) सुसज्जित फ्लैट (ख)कैम्प या शिविर

(ग) लॉज (घ) होटल

3.(i) निम्न में से अतिथियों के आगमन पर उनको पंजीकरण डेस्क तक कौन पहुँचाता है? 1

(क) दरबान (ख) प्रमुख कार्यालय प्रबंधक

(ग) प्रमुख कार्यालय एजेंट (घ) दूरभाष प्रचालक

(ii) खाद्य प्रौद्योगिकी के विकास के परिणामस्वरूप हमारे देश में- 1

(क) रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

(ख) रोजगार के अवसर घट रहे हैं।

(ग) कृषि व्यवसाय को घाटा हो रहा है।

(घ) छोटे व्यापारी समाप्त हो रहे हैं।

(iii) समुदाय रेडियो का सफल उपयोग किया जा रहा है- 1

(क) वनस्थली विद्यापीठ (राजस्थान) में

(ख) स्व-नियोजित महिला सेवा (गुजरात) में

(ग) दिल्ली विश्वविद्यालय एफ०एम० (उत्तरी दिल्ली) में

(घ) उपर्युक्त सभी में

(iv) निगमित संप्रेषण का कार्य है- 1

(क) ब्रांड का सृजन और रख-रखाव करना

(ख) संगठन की प्रतिष्ठा का ध्यान रखना

(ग) संकट नियन्त्रण के लिए कार्य करना

(घ) उपर्युक्त सभी कार्य

(v) साल्मोनेला लगभग कितने समय में अपनी संख्या में वृद्धि करके उसको दोगुना कर लेता है? 1

(क) प्रत्येक 10 मिनट में (ख) प्रत्येक 15 मिनट में

(ग) प्रत्येक 20 मिनट में (घ) प्रत्येक 25 मिनट में

modelpaper.info

4.(i) खाद्य-प्रौद्योगिकी को प्रारम्भ करने का श्रेय है- 1

(क) न्यूटन को (ख) निकोलस ऐप्पर्ट को.

(ग) कोलम्बस को (घ) किसी अज्ञात व्यक्ति को

(ii) अतिपोषण के कारण होने वाले रोगों का परिणाम है- 1

(क) शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव

(ख) जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव

(ग) आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव

(घ) ये सभी परिणाम

(iii) भारत में 6-14 वर्ष के बीच की आयु के लगभग कितने बच्चे विद्यालय जाते हैं? 1

(क) आधे से अधिक (ख) आधे से कम

(ग) सभी बच्चे (घ) कोई बच्चा विद्यालय नहीं जाता

(iv) महिलाओं ने किस दशक तक जींस पहननी प्रारंभ नहीं की थी? 1

(क) 1940 (ख) 1930

(ग) 1950 (घ) 1960

(v) सुकार्यिकी से प्राप्त होने वाला लाभ है- 1

(क) उत्पादन के क्षेत्र में वृद्धि होती है।

(ख) मानवीय एवं यांत्रीय त्रुटियाँ कम होती हैं।

(ग) श्रमिकों की दक्षता एवं कुशलता में वृद्धि होती है।

(घ) उपर्युक्त सभी लाभ होते हैं।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

5. (क) जेंडर या लिंग-भेद से क्या आशय है? 1

(ख) नरम आहार से क्या आशय है? 1

6. (क) हमारे देश में 'जनपोषण' को क्यों आवश्यक तथा महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है? 1

(ख) आहार-संरक्षण से हमारा आहार कैसे रुचिकर बन जाता है? स्पष्ट कीजिए। 1

modelpaper.info

7. (क) खाद्य-पदार्थों में रासायनिक संकट से आप क्या समझती हैं? 1

(ख) मॉण्टेसरी स्कूलों की प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा के सिद्धान्तों की रूपरेखा किसने बनाई थी? 1

8. (क) वृद्धजनों के संदर्भ में कुछ सरोकार क्या हैं? 1

(ख) व्यावसायिक धुलाई केन्द्रों को तथा धुलाई व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को क्या कहते हैं? 1

9. (क) वूलमार्क' का चिह्न किन वस्त्रों को दिया जाता है? 1

(ख) समुदाय-रेडियो, आकाशवाणी (आल इण्डिया रेडियो) से किस प्रकार भिन्न है? 1

10. (क) आतिथ्य' से क्या आशय है? 1

(ख) प्राथमिक रंग से क्या आशय है? 1

## लघु उत्तरीय प्रश्न

11. व्यावसायिक जीवन में मूल्यों और नैतिकता की भूमिका को संक्षेप में समझाइए। 4

12. एच०ए०सी०सी०पी० के महत्त्व की विवेचना कीजिए। 4

13. घरेलू वस्त्रों की देख-रेख व रख-रखाव का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

14. सूचना संचार प्रौद्योगिकाएँ विकास की भावी वाहिका हैं।" टिप्पणी कीजिए। 4

15. लक्षित बाजार' से क्या आशय है? 4

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

16. उद्यमिता किसे कहते हैं? 6

अथवा

युवाओं के लिए किस प्रकार के कार्यक्रम उपयुक्त होते हैं

17. - निम्नलिखित शब्दों को समझाइए- 6

बौनापन, जन्म के समय कम भार/वजन वाला शिशु

अथवा

खाद्य उद्योग के कार्यक्षेत्र का समुचित परिचय प्रस्तुत कीजिए।

modelpaper.info

**18.** **अस्पतालों और होटलों में वस्त्रों की देखभाल और रख-रखाव की संकल्पना का वर्णन कीजिए।** **6**

**अथवा**

**खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का विस्तारपूर्वक उल्लेख कीजिए।**

modelpaper.info